निरीक्षण आख्या (Inspection Report)

विषय: "सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना" का निरीक्षण
दिनांक: 25 मार्च 2025
निरीक्षणकर्ता: माननीय विधायक, श्री अविनाश चंद्र द्विवेदी जी

1. परियोजना का संक्षिप्त विवरण (Project Details)

परियोजना का नाम: सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना
स्थानरू महत्वाकांक्षी ब्लॉक रामनगर, जनपद चित्रकूट
आच्छादित (कवर किए जाने वाले) ग्राम: रामनगर ब्लॉक के 77 राजस्व ग्राम

2. निरीक्षण का विवरण (Inspection Details)

दिनांक 25 मार्च 2025 को माननीय विधायक, श्री अविनाश चंद्र द्विवेदी जी द्वारा जनपद चित्रकूट के महत्वाकांक्षी ब्लॉक रामनगर के अंतर्गत संचालित "सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना" का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति और लक्षित 77 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई समीक्षा में अवगत कराया गया की वर्तमान में 57 राजस्व ग्रामों नियमित जलापूर्ति की जा रही और डिमांड ओनली की राइजिंग मेन का कार्य प्रगति में है।

3. माननीय विधायक महोदय द्वारा दिए गए निर्देश (Directives Issued)

समीक्षा के उपरांत, माननीय विधायक जी द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निम्नलिखित सख्त निर्देश दिए गए:
कार्यों की समयबद्ध पूर्णतारू सभी 77 राजस्व ग्रामों में पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन देने का कार्य निर्धारित समय–सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण किया जाए।
नियमित जलापूर्ति: योजना के अंतर्गत जिन ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां सुचारू और नियमित जलापूर्ति तत्काल सुनिश्चित की जाए ताकि ग्रामीणों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े।
गुणवत्ता नियंत्रण: निर्माण कार्यों और पाइपलाइन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मानकों के अनुरूप ही कार्य संपन्न कराया जाए।
क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत: पाइपलाइन बिछाने के दौरान यदि कोई सड़क या मार्ग क्षतिग्रस्त हुआ है, तो ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उसे तुरंत ठीक कराया जाए।

अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट।
पत्रांक 14 / M-12 /81 **दिनांक–** 26/03/25

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1– श्री अविनाश चन्द्र द्विवेदी, मा0 विधायक महोदय, 237–मानिकपुर को सादर अवलोकनार्थ। ।
2– जिलाधिकारी महोदय, चित्रकूट।
3– अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
4– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चित्रकूट।
5– अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) चित्रकूट।
6– प्रोजेक्ट मैनेजर, एल0एण्ड0टी0, चित्रकूट।

अधिशासी अभियन्ता